**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**अधिसूचना**

अधिसूचना संख्या :– 06/अ0प्र0–02–08/2016 5275 पटना, दिनांक:– 12/9/24

मो0 तनवीर आलम तारिक (गृह जिला– मधुबनी), वरीयता क्रमांक–24/2016 तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सेवानिवृत मुख्य अभियंता–4 (कार्यकारी प्रभार), ग्रामीण कार्य विभाग से कनीय को अधीक्षण अभियंता के पद पर दी गई प्रोन्नति के समय श्री तारिक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित रहने के कारण विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा इनके संबंध में ''निष्कर्ष मुहरबंद लिफाफे में रक्षित'' रखने की अनुशंसा की गई।

कालान्तर में श्री तारिक के विरूद्ध उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही में आरोप मुक्त किये जाने के फलस्वरूप तत्कालीन कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (सम्प्रति सामान्य प्रशासन विभाग) के संकल्प संख्या 7457 दिनांक 11.09.2002 की कंडिका– 2(vi) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय प्रोन्नति समिति का श्री तारिक के संबंध में ''मुहरबंद लिफाफे में रक्षित निष्कर्ष '' को खोला गया, जिसमें श्री तारिक को प्रोन्नति के ''योग्य'' अनुशंसित किया गया था। तद्‌लोक में विभागीय अधिसूचना संख्या 8371 सह पठित ज्ञापांक 8372 दिनांक 27.07.2018 द्वारा मो0 तनवीर आलम तारिक, कार्यपालक अभियंता को अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के पद पर प्रोन्नति देते अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, समस्तीपुर के पद पर पदस्थापित किया गया तथा पदभार ग्रहण की तिथि से आर्थिक लाभ अनुमान्य किया गया।

वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 7020 दिनांक 24.12.2005 के आलोक में मो0 तनवीर आलम तारिक, सेवानिवृत मुख्य अभियंता–4 (कार्यकारी प्रभार) ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा भूतलक्षी प्रभाव अर्थात अपने से कनीय को अधीक्षण अभियंता के पद पर दी गयी प्रोन्नति की तिथि से अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रोन्नति हेतु समर्पित अभ्यावेदन के आलोक में मामलें की समीक्षा की गई तथा वित्त विभाग का मंतव्य प्राप्त किया गया।

मो0 तनवीर आलम तारिक, (वरीयता क्रमांक–24) से ठीक कनीय श्री योगेश्वर पाण्डेय (वरीयता क्रमांक–25/2016) तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग के अधिसूचना संख्या 12681 सहपठित ज्ञापांक 12682 दिनांक 10.11.2016 द्वारा अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के पद पर अधिसूचना निर्गत की तिथि से प्रोन्नति दी गई थी तथा प्रोन्नत पद का आर्थिक लाभ प्रभार ग्रहण की तिथि से अनुमान्य किया गया था। तत्पश्चात् अधिसूचना संख्या 13120 सह पठित ज्ञापांक 13135 दिनांक 24.11.2016 द्वारा श्री योगेश्वर पाण्डेय, नव प्रोन्नत अधीक्षण अभियंता को अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन, मुख्य अभियंता–4 (मु0) के पद पर पदस्थापन के फलस्वरूप उक्त पद का प्रभार दिनांक 25.11.2016 के पूर्वाहन में ग्रहण किया गया।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में तत्कालीन कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (सम्प्रति सामान्य प्रशासन विभाग) के संकल्प संख्या 7457 दिनांक 11.09.2002 एवं वित्त विभागीय परिपत्र संख्या 7020 दिनांक 20.12.2001 के आलोक में मो0 तनवीर आलम तारिक, सेवानिवृत मुख्य अभियंता–4 (कार्यकारी प्रभार) ग्रामीण कार्य विभाग को अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रदत प्रोन्नति की तिथि को उनसे ठीक कनीय को प्रदत्त प्रोन्नति एवं प्रभार ग्रहण की तिथि 25.11.2016 आर्थिक लाभ सहित शिफ्ट किया जाता है।



Scanned with OKEN Scanner

2. यह प्रोन्नति औपबंधिक है तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन एस0एल0पी0 संख्या 29770/2015 बिहार सरकार बनाम सुशील कुमार सिंह एवं अन्य में पारित अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होगा।

3. उपर्युक्त प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति तथा सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/- 12/9/2024

(इफ्तेखार अहमद)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 06/अ0प्र0—02—08/2016— 5276 पटना, दिनांक— 12/9/24

प्रतिलिपिः— अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 12/9/2024

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 06/अ0प्र0—02—08/2016— 5276 पटना, दिनांक— 12/9/24

प्रतिलिपिः— महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/ प्रभारी पदाधिकारी, (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 12/9/2024

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 06/अ0प्र0—02—08/2016— 5276 पटना, दिनांक— 12/9/24

प्रतिलिपिः— संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 12/9/2024

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 06/अ0प्र0—02—08/2016— 5276 पटना, दिनांक— 12/9/24

प्रतिलिपिः—माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/ माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/ मुख्य सचिव, बिहार, पटना/प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/विशेष सचिव के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव के निजी सहायक/अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता, अनुरक्षण एवं उन्नयन, ग्रामीण कार्य विभाग/ मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, ग्रामीण कार्य विभाग/मो0 तनवीर आलम तारिक, सेवानिवृत मुख्य अभियंता—4 (कार्यकारी), ग्राम/मोहल्ला— नौहसा (डकरा हाउस के नजदीक), डाकघर— फुलवारी शरीफ, थाना— फुलवारी शरीफ, जिला—पटना, राज्य—बिहार, पिन कोड— 801505 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 12/9/2024

सरकार के उप सचिव



Scanned with OKEN Scanner